an>

Title: Need to shift Indian Oil Depot from Ambala Cantonment Area to some other safe area.

श्री रत्न लाल कटारिया (अम्बाला) : महोदय, 11 घंटे के इंतजार के बाद आपने बोलने का समय दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। मैं माननीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री जी का ध्यान अपने लोक सभा क्षेत्र अम्बाला के अम्बाला छावनी स्थित इंडियन ऑयल डिपो की ओर दिलाना चाहता हूँ। यह कई दशकों से अंबाला छावनी में कार्यरत है। अंबाला छावनी सामरिक दृष्टि से एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है। रक्षा मंत्री जी भी यहाँ बैठे हैं। क्योंकि यह कैंटोनमैंट एरिया है जहाँ पर एयरफोर्स स्टेशन डिवीज़न के रेलवे स्टेशन और सेना से संबंधित बहुत से कार्यालय भी यहाँ पर हैं। अब यह इंडियन ऑयल डिपो नगर की आबादी के बीच में आ गया है, इसलिए किसी भी दुर्घटना से बचने के लिए जनहित में अब इसका स्थानांतरण किया जाना अति आवश्यक है। अंत में मंत्री महोदय जी से यह अनुरोध करूँगा कि इस इंडियन ऑयल डिपो को तुरंत यहाँ से किसी अन्य सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित किया जाए।

महोदय, मैं जब 1971 में कालेज में पढ़ता था, तो इस ऑयल डिपो से अगर एक सैकेन्ड का भी फर्क पड़ जाता, एक सैकेन्ड से भी कम का फर्क पड़ जाता तो यह डिपो पाकिस्तान की लड़ाई में बमों की लपेट में आ जाता। मैं उस वाकये का चश्मदीद गवाह हूँ। जब पाकिस्तान ने 6 स्थानों पर बमबारी की थी इसलिए सामरिक दृष्टि से इस विषय को देखते हुए इसे अविलम्ब यहाँ से हटाया जाए और इसे आबादी से दूर किया जाए।

HON. CHAIRPERSON: Shri Sudheer Gupta, Shri Bhairon Prasad Mishra and Shri Chandra Prakash Joshi are permitted to associate with the issue raised by Shri Rattan Lal Kataria.